|| जय गुरु नाना||

राम चमकते भानु समाना

# || जय महावीर ||

|| जय गुरु राम ||

# कार्यसमिति बैठक

12
जुलाई 2025

## देशनोक (राजस्थान)

## श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ
(सत्र 23-25)

आमंत्रित: शीर्ष पदाधिकारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय मंत्री, प्रवृत्ति संयोजक, सह संयोजक, संयोजन मण्डल सदस्य, आंचलिक प्रभारी, कार्यसमिति सदस्यगण एवं विशेष आमत्रित सदस्य

सत्र-1
सुबह
08:15
सत्र-2
सायं
04:00

## श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति
(सत्र 23-25)

सुबह
08:15

आमंत्रित: शीर्ष पदाधिकारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा, राष्ट्रीय मंत्री, संभाग प्रमुखा, प्रवृत्ति संयोजिकाएँ, सह संयोजिकाएँ, कार्यसमिति सदस्याएँ एवं विशेष आमत्रित सदस्याएँ

## श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन समता युवा संघ
(सत्र 24-26)

आमंत्रित: शीर्ष पदाधिकारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय मंत्री, राष्ट्रीय प्रभारी, राष्ट्रीय एवं आँचलिक प्रवृत्ति संयोजक, कार्यसमिति सदस्यगण, स्थानीय संघ एवं शाखा अध्यक्ष, एवं विशेष आमंत्रित सदस्य

सुबह
08:15

## विशेष आम सभा
सत्र (23-25)

समय
रात्रि
08:45

### श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

आमंत्रित: श्रीसंघ के समस्त साधारण-आजीवन सदस्य, शीर्ष पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष-महामंत्री, सभी अचंलो के राष्टीय उपाध्यक्ष/मंत्री, प्रवृति संयोजक, कार्यसमिति सदस्य, संयोजन मण्डल सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं अर्न्तगत संस्थाओं के सदस्य एवं पदाधिकारी

समय
दोपहर
02:15

### श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति

आमंत्रित: महिला समिति के समस्त साधारण-आजीवन सदस्याएँ, शीर्ष पदाधिकारी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा-महामंत्री, सभी अचंलों के राष्टीय उपाध्यक्षा/मंत्री, प्रवृति संयोजिकाएँ, कार्यसमिति सदस्याएँ, विशेष आमंत्रित सदस्याएँ एवं अर्न्तगत संस्थाओं के सदस्य एवं पदाधिकारी

निवेदक

**राष्ट्रीय महामंत्री**

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन समता युवा संघ

# श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

राम चमकते भानु समाना

## आमंत्रण पत्र

बैठक क्रमांक : 7/सत्र 2023–25 दिनांक : 20 जून 2025

## कार्यसमिति बैठक

श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ की सत्र 2023–25 की सप्तम कार्यसमिति बैठक श्रीसंघ के गौरवशाली राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर पिता श्री नरेन्द्र जी गांधी के सभापतित्व में **दिनांक 12 जुलाई 2025, शनिवार प्रथम सत्र प्रातः 8:15 व द्वितीय सत्र दोपहर 4:00 बजे** से देशनोक में आयोजित होनी प्रस्तावित है। जिसमें शीर्ष पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष/महामंत्री, सभी अंचलों के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/मंत्री, प्रवृत्ति संयोजक, कार्यसमिति सदस्य, संयोजन मण्डल सदस्य व विशेष आमंत्रित सदस्य एवं श्री संघ के अन्तर्गत संस्थाओं के शीर्ष पदाधिकारी की उपस्थिति सादर आमंत्रित है।

## कार्यसूची

1. प्रवचन एवं दीक्षा 11:00 बजे से (संभावित), (आचार्य भगवन्, उपाध्याय प्रवर, विराजित चारित्रात्माओं के सानिध्य में)
2. मंगलाचरण
3. विगत दिनांक 29 अप्रैल 2025, गंगाशहर, बीकानेर (राज.) में आयोजित कार्यसमिति बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि अंगीकृति व अनुमोदना।
4. नये आवेदकों को सदस्यता प्रदान करने की स्वीकृति। (सूची अनुसार)
5. प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुति। (16 अप्रैल 2025 से 5 जुलाई 2025)
6. आंचलिक एवं प्रवृत्ति प्रतिवेदन डिजीटली प्रस्तुति। (5 जुलाई 2025 तक प्राप्त डाटा)
7. आगामी तीन माह के कार्य, लक्ष्य और उसे पूर्ण करने की योजना प्रस्तुतीकरण। (आंचलिक पदाधिकारी, प्रवृत्ति संयोजक व सह–संयोजक द्वारा)
8. अध्यक्षीय अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा।
9. राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्‌बोधन।
10. चारित्रात्माओं के देवलोकगमन पर 4–4 लोगस्स का ध्यान।
11. आभार अभिव्यक्ति।
12. संघ समर्पणा गीत के साथ समापन।
13. देवसी प्रतिक्रमण (सांय 7:30 बजे से)

–: विनीत :–

**राष्ट्रीय महामंत्री**
**श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ**
**बैठक स्थल : देशनोक जि. बीकानेर (राज.)।**

**नोट :** 1. आंचलिक प्रतिवेदन एवं प्रवृत्ति प्रतिवेदन किसी भी आंचलिक पदाधिकारी/प्रवृत्ति संयोजक आदि को सभा में डिजीटली प्रस्तुत करवाने हेतु दिनांक 05 जुलाई 2025 तक केन्द्रीय कार्यालय व्हाटसप्प नंबर 9602026899 पर जानकारी भिजवाने की कृपा करावें।
2. आगामी तीन महिनों हेतु किए जाने वाले कार्यों पर आंकडों सहित अपनी प्रस्तुति देने के लिए सभी आंचलिक पदाधिकारी, प्रवृत्ति, संयोजक/सह–संयोजक अपने नाम दिनांक 05 जुलाई 2025 तक केन्द्रीय कार्यालय व्हाटसप्प नंबर 9602026899 पर भिजवाने की कृपा करावें।

जय गुरु नाना | जय महावीर | जय गुरु राम

राम चमकते भानु समाना

# श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

**सत्र 2023–25**

## कार्यसमिति बैठक का कार्यवृत्त

**बैठक क्रमांक – 6**

**स्थान : संघ कार्यालय, समता भवन**

बीकानेर (राजस्थान)

**दिनांक :** 29 अप्रैल 2025

**समय :** **प्रथम सत्र** दोपहर 04:15 बजे

**द्वितीय सत्र** रात्रि 8:15 बजे

**: प्रधान कार्यालय :**

**समता भवन, आचार्य श्री नानेश मार्ग, नोखा रोड, गंगाशहर,**

**बीकानेर–334401 ( राजस्थान ), फोन नं. : 0151–2270261**

www.sadhumargi.com, email : ho@sadhumargi.com

––––––––––

# श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कालावधि** | **: 2023-25** | **बैठक क्रमांक** | **: 6** |
| **( अ ) कुल सदस्य** | **: 301** | **दिनांक** | **: 29 अप्रैल 2025** |
| **( ब ) प्रतिभागी सदस्य** | **: 41** | **समय** | **: दोपहर 04:15 बजे से** |
| **( स ) विशेष आमंत्रित** | **: 23** | **सुगमकर्ता** | **: राष्ट्रीय महामंत्री** |
| **कुल उपस्थिति ( ब+स )** | **: 64** | **अनुपस्थित ( अ-ब )** | **: 260** |
| **बैठक स्थल** | **: संघ कार्यालय, समता भवन, बीकानेर ( राजस्थान )** | | |

## कार्यसमिति बैठक के मुख्य बिंदु

### निर्णय

1. विगत कार्यसमिति की बैठक **( दिनांक 04 जनवरी 2025 को जी-श्याम पैलेस, कवर्धा ( छ.ग. ) में आयोजित )** के कार्यवृत्त की पुष्टि, अंगीकृति, अनुमोदना व स्वीकृति। (क्रम संख्या–2, पेज संख्या–2)
2. विगत कार्यसमिति बैठक से अब तक बने नए सदस्यों की सदस्यता की अनुमोदना व स्वीकृति। (क्रम संख्या–3 , पेज संख्या–2,3)
3. आगम एवं तत्त्व प्रकाशन समिति तथा आगम अंहिसा समता एवं प्राकृत संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के लिए नवीन सदस्यता प्रारंभ करने का प्रस्ताव व स्वीकृति (क्रम संख्या–6.4 , पेज संख्या–11)
4. आनंद सागर में वेलनेस सेंटर दानदाताओं के माध्यम से स्थापित करने का प्रस्ताव पारित।
   (क्रम संख्या–9.3 , पेज संख्या–13)

### अन्य बिन्दु

1. अध्यक्षीय अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा।

## कार्यसमिति बैठक का कार्यवृत्त

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के गौरवशाली राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर पिता श्री नरेन्द्र जी गांधी के सभापतित्व में सत्र 2023–25 की षष्ठम कार्यसमिति बैठक संघ कार्यालय, समता भवन, बीकानेर (राज.) में संपन्न हुई, जिसमें 41 सदस्य एवं 23 विशेष आमंत्रित महानुभावों की भी उपस्थिति रही।

**( संलग्न परिशिष्ट–1 )**

बैठक की कार्यवाही एतद्पश्चात् विवरणित है। संदर्भित विवरण कार्यसूची में उल्लेखित मदों के क्रम में कुछ अंतर सहित प्रस्तुत है।

**क्रम संख्या - 1 - सत्रारंभ– 1.1** - नवकार मंत्र के सामूहिक उच्चारण एवं संघ समर्पणा गीत के सहगान के साथ सत्रारंभ हुआ।

**1.2** - राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साधुमार्गी संकल्प पत्र का वाचन किया, जिसका

सदन में उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक दोहराव किया।

**1.3** – राष्ट्रीय महामंत्री सुरेशकुमार जी बच्छावत ने परम पूज्य आचार्य भगवन्, उपाध्याय प्रवर एवं चारित्रात्माओं को परोक्ष वंदन कर सत्र 2023–25 के कार्यकाल की षष्ठम कार्यसमिति बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की। अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी शिखर सदस्य, पूर्व अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, वर्तमान पदाधिकारीगण, प्रवृत्ति संयोजकगण, संयोजन मंडल सदस्य, आंचलिक पदाधिकारीगण, कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं देशभर से पधारे सभी महानुभाव! अपने बहुमूल्य समय में से कुछ समय निकालकर इस कार्यसमिति बैठक में जो उपस्थित हुए हैं, उनका श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। आपने सदन को अवगत कराया कि आगामी कार्यसमिति मीटिंग व विशेष आम सभा (ज्वांइट) दिनांक 11 जुलाई 2025 को देशनोक में होना संभावित है।

**क्रम संख्या – 2 – विगत कार्यसमिति बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि, स्वीकृति एवं अनुमोदना** – राष्ट्रीय महामंत्री ने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए कहा कि दिनांक 04 जनवरी 2025 को जी–श्याम पैलेस, कवर्धा (छ.ग.) में संपन्न हुई विगत कार्यसमिति बैठक का कार्यवृत्त सभी सम्मानित सदस्यों को पूर्व में डाक द्वारा प्रेषित कर दिया गया था। साथ ही इस बैठक के एजेंडे के साथ व्हाट्सएप, ईमेल द्वारा भी प्रेषित किया जा चुका है। आशा है आपको प्राप्त हो गया होगा एवं सभी ने अवलोकन भी कर लिया होगा। किन्हीं महानुभाव के पास विगत कार्यसमिति बैठक के कार्यवृत्त से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी, चर्चा, प्रश्न अथवा सुझाव हों तो कृपया सदन को अवगत करावें और अपनी स्वीकृति व अनुमोदना प्रदान करें।

**संपूर्ण सदन ने हाथ उठाकर सहमति प्रदान करते हुए विगत कार्यसमिति बैठक के कार्यवृत्त की स्वीकृति प्रदान की।**

**क्रम संख्या – 3 – प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुति** – राष्ट्रीय महामंत्री ने सदन में विगत चार माह के समय में हुई विभिन्न गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिनमें मुख्य बिंदु निम्नवत् रहे –

राष्ट्रीय महामंत्री ने बताया कि नवीन सदस्यों की जानकारी भी प्रतिवेदन के साथ ही दी जा रही है। उन्होंने विगत कार्यसमिति बैठक से (15.12.2024 से 15.4. 2025) अब तक हुई विभिन्न गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। उसी कड़ी में आपने बताया कि पाँच नवीन संघो का गठन किया गया है। संघ प्रतिनिधि क्षेत्रों में 4 वृद्धि एवं 5 संपर्कित क्षेत्र ऐसे क्षेत्र जहाँ एक भी साधुमार्गी परिवार नहीं, लेकिन हमारे चातुर्मास होते है, उन क्षेत्रों में मारवाड़ जं., अमीनगर सराय, बड़ौत, कांधला, मुजफ्फरनगर को जोड़ा गया है। शिखर सदस्य कुल

घोषणाएँ 2, संघ महाप्रभावक में (7 प्रस्तावित, पूर्ण 2), तीन संघो (चांगोटोला, लालबर्रा, परसवाड़ा) को मध्यप्रदेश अंचल से छत्तीसगढ–ओडिशा अंचल में (संविधान के अनुसार) सम्मिलित किया गया है। संघ आबद्धता में 5, साहित्य सदस्यता में 6, विहार सेवा संयोजन सदस्यता में घोषणाएँ 5, आचार्य श्री श्रीलाल उच्च शिक्षा योजना में 7, समता भवन (प्रस्तावित गुराड़िया) (पूर्ण फतेहनगर), ग्लोबल कार्ड सदस्य 43, गुणशील में 4, इदं न मम 31, समता मिति 1 की अभिवृद्धि हुई है। इन सभी की सदस्यता की स्वीकृति प्रदान करने हेतु सदन से निवेदन है।

**सदन ने नए सदस्यों की सदस्यता हेतु स्वीकृति प्रदान की।**

**( संलग्न परिशिष्ट–2 )**

**क्रम संख्या – 4 – त्रैमासिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुति** – राष्ट्रीय महामंत्री ने सदन में विगत समय में हुई विभिन्न गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिनमें मुख्य बिंदु निम्नवत् रहे –

**4.1 – साधुमार्गी प्रोफेशनल फोरम** – ''व्यसनमुक्त हो सारा देश'' अभियान दिनांक (22 दिसंबर से 6 फरवरी 2025) आचार्य श्री रामलाल जी म.सा. के 50वें दीक्षा दिवस पर 50 दिवसीय संकल्प अभियान, स्वास्थ्य, अध्यात्म व सकारात्मक जीवनशैली पर आधारित सत्र व चर्चाएँ हुई। विशेषज्ञ डॉक्टरों व काउंसलरों द्वारा व्यसन के कारण, दुष्प्रभाव व समाधान से अवगत कराया गया। इस दौरान सेमिनार एवं समूह चर्चा, ओपन फोरम, प्रतियोगिताएँ और गतिविधियाँ, फिटनेस और ध्यान सत्र, कला, लेखन और नाटक कार्यक्रम जैसी प्रमुख गतिविधियाँ आयोजित की गई।

**4.2 – तत्त्व अवगाहन शिविर**– 1 जनवरी से 21 जनवरी तक कुचेरा (नागौर) में 21 दिवसीय तत्त्व अवगाहन शिविर ज्ञान, ध्यान, साधना के साथ आयोजित हुआ। शिविर के प्रतिभागियों को आचार्य प्रवर, उपाध्याय प्रवर, संतों तथा साध्वीवर्याओं द्वारा धर्मतत्व बोध प्रदान किया गया तथा प्रेरक प्रवचन, ज्ञानचर्चा आदि कार्यक्रम हुए।

**4.3 – विश्व पुस्तक मेला ( नई दिल्ली )** – देश की राजधानी नई दिल्ली के 'भारत मंडपम' में आयोजित पुस्तक मेले में साधुमार्गी पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। विश्व पुस्तक मेले में साधुमार्गी पब्लिकेशन की स्टॉल के माध्यम से साधुमार्गी साहित्यो को जन–जन तक पहुचाने का प्रयास किया गया। यहाँ विश्व के 40+ देशों के 1000+ प्रकाशक शामिल हुए। हजारों दर्शकों ने पुस्तकों को देखा, सराहा और खरीदा। दूसरे धर्मों के लोगों ने भी पुस्तकों में रुचि दिखाई। साधुमार्गी संघ के लिए गौरव की बात है की लगातार कई वर्षों से स्टॉल की नियमित भागीदारी रहती है, जहाँ कई प्रतिष्ठित प्रकाशकों को भी स्थान प्राप्त नहीं होता है।

**4.4 – महत्तम सोमनस कार्यक्रम** – परम पूज्य आचार्य श्री रामलाल जी म.सा. के 50वें स्वर्णिम दीक्षा दिवस के अवसर पर 12 अंचल के विभिन्न संघों में 29 दिसंबर 2024 से 02 फरवरी 2025 तक महत्तम महोत्सव के अंतर्गत महत्तम सोमनस कार्यक्रम का आंचलिक स्तर पर भव्य आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला समिति की राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय कोषाध्यक्षा, समता युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महत्तम महोत्सव समन्वय समिति टीम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय मंत्री, महिला समिति राष्ट्रीय उपाध्यक्षा, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आंचलिक महत्तम संयोजक, स्थानीय संघ अध्यक्ष–मंत्री, आस–पास के अनेक संघों के पदाधिकारियों एवं गणमान्यजनों की गरिमामय उपस्थिति रही। विशिष्टजनों ने अपनी भावाभिव्यक्ति में महत्तम शिखर सम्मेलन एवं 7–8–9 फरवरी को नोखा में होने वाले विशेष कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रभावना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्‌बोधन में सभी से महत्तम शिखर महोत्सव में बढ़–चढ़कर भाग लेने एवं संघ व समाज से जुड़कर पूर्ण विकास हेतु सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया था। 11 अंचलों के 12 संघों (अलाय, कवर्धा, गंगाशहर–भीनासर, इंदौर, नागपुर, बंगाईगाँव, सिलीगुड़ी, सूरत, चेन्नई, मैसूर, बेंगू, दिल्ली) में कार्यक्रम आयोजित हुआ। **अलाय** में दीक्षार्थियों का अभिनंदन, राष्ट्रीय अध्यक्ष का उद्‌बोधन व आचार्य भगवन के गुणों पर प्रस्तुति हुई। **कवर्धा** में पाठशालाओं के बच्चों द्वारा नौ आचार्यों द्वारा प्रदत्त विभिन्न आयामों को मॉडल आदि के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। **गंगाशहर–भीनासर** में ''कौन बनेगा अभिरामम् रत्न'' प्रतियोगिता का आयोजन हुआ व प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया गया। **इंदौर** में कार्यक्रम के दौरान गुरु गुणगान करते हुए मोटिवेशनल स्पीच का आयोजन की हुआ। **नागपुर** में आंचलिक स्नेह सम्मेलन का शानदार आयोजन किया गया। आचार्य भगवन् के गुणों पर नाटिकाएँ प्रस्तुत किया गया। **बंगाईगाँव** में विविध विषयों पर प्रदर्शनी आयोजित की गई। पाठशाला के बच्चों ने आचार्य भगवन् के गुणों पर आधारित नाटिका का मंचन किया। साधुमार्गी प्रोफेशनल फोरम के अंचल लीड ने फोरम की जानकारी दी। **सिलीगुड़ी** में आंचलिक रिपोर्ट में गत 31 माह से हो रही गतिविधियों की जानकारी सभी को प्रदान की गई। संघ के सदस्यों ने गुरुदेव के विशिष्ट गुणों पर आधारित लघु नाटिकाओं का मंचन किया एवं प्रदर्शनी लगाई गई। **चेन्नई** में मोटिवेशनल स्पीकर ने 'आनंद से कैसे जिएँ', 'जीवन के चार पहलू', 'हमें भी राम बनना है' एवं 'गुरु के हृदय में वास करें' आदि विषयों पर बड़े ही सुंदर तरीके से गुणानुवाद किया। **सूरत** में 31 माह तक चले कार्यक्रमों की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। 'लिफ्टिंग फिफ्टीज' एवं 'चलो नोखा' पर अपनी बात रखते हुए युवाओं से व्यवस्था सँभालने का आह्वान किया गया। **मैसूर** में मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा 'लिफ्टिंग

फिफ्टीज' पुस्तक पर सेशन लेते हुए गुरुवचनों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी गई। बच्चों व महिलाओं द्वारा आचार्य भगवन् के गुणों पर नाटक प्रस्तुत किया गया। **बेंगू** में दीक्षार्थी बहनों का वरघोड़ा व आत्मीय अभिनंदन व गुरुदेव के विशिष्ट गुणों पर भावपूर्ण स्पीच हुआ। **दिल्ली** में मुख्य वक्ता द्वारा गुरु गुणगान करते हुए संघ सेवा के क्षेत्र में आगे आने हेतु प्रेरित किया गया।

**4.5 – महत्तम नंदन कार्यक्रम** – महत्तम शिखर के अवसर पर राष्ट्रभर के 11 अंचलो के 88 संघों में महत्तम नंदन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में समता प्रचार संघ के मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा आचार्य श्री रामेश के उत्कृष्ट संयमी जीवन के गुणों का गुणोत्कीर्तन किया गया एवं समता शाखा के साथ संगीतमय आराधना की गई।

**4.6 – संगरिया मंडी समता भवन का उद्घाटन** – 11 जनवरी को राष्ट्रीय पदाधिकारीगण, भूमि प्रदाता श्री प्रेमचंद जैन परिवार, अर्थ सहयोगी श्री शुभ जी दस्साणी परिवार, सुरेश जी जैन परिवार (गुरुग्राम), अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारीगण एवं क्षेत्रीय संघ प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में समता भवन संगरिया मंडी का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समता भवन निर्माण में भूमि एवं आर्थिक सहयोग के लिए सम्मान कार्यक्रम के पश्चात् बच्चों को पाठशाला एवं शिविरों से जोड़ने का आह्वान किया गया। नई शाखा से क्षेत्रीय संघों में प्रवृत्ति जागरण की प्रेरणा दी गई। समता शाखा की नई ऊर्जा एवं विस्तार पर जोर दिया गया।

**4.7 – महत्तम शिखर महोत्सव**– दिनांक 7, 8, 9 फरवरी 2025 को भट्टड स्कूल, नोखा में गुरुदेव के 50वें दीक्षा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए साथ ही 9 मुमुक्षुओं की जैन भागवती दीक्षा संपन्न हुई। महोत्सव के दौरान **S2S Connect App** लॉन्च व अभिरामम् रत्नम् प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुए। साथ ही इमर्सिव गैलेरी, संघ प्रवृत्तियों के मॉडल्स प्रदर्शनी, नौ प्रकल्पों की विकास यात्रा, बालकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी व परीक्षा सम्पन्न हुई। इसके अलावा भक्ति संध्याः अलका जी डागा का 'थव–थुई–मंगलं' कार्यक्रम एवं विशेष अतिथिः राहुल जी कपूर (जैन) –'महत्तम अहोभाव' से प्रेरणादायक संवाद आयोजित हुआ जिससे संघ के हर सदस्य को प्रेरणा प्राप्त हुई। विभिन्न कार्यक्रमो के साथ ही 15 पुस्तकों (13 पुस्तकेंः साधुमार्गी पब्लिकेशन द्वारा, 2 शोध ग्रंथः आगम–अहिंसा–समता एवं प्राकृत संस्थान द्वारा) **वैखरी, पश्यंती, झनकार, अनुगूँज** – आचार्यश्री के चिंतन, **धम्म सद्धा हृदय धरूँ, श्रद्धा एव जयते, महत्तम संधान, महत्तम विज्ञान**– प्रवचन संग्रह **राम–दर्शन सीरिज** – चित्रों द्वारा बोधगम्य चिंतन **समता चैत्र एक्टिविटी** – बच्चों हेतु रचनात्मक पुस्तिका **नव सद्भाव पदार्थ** – श्रावकों हेतु आवश्यक ज्ञान **नरक कोष भाग 1–2 – पृथ्वी**, नरक आदि का शोधपूर्ण वर्णन का विमोचन किया गया।

**4.8 – बीकानेर–मारवाड़ अंचल प्रवास**– 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, दानपेटी योजना संयोजक श्री पूनमचंद जी भूरा, कार्यसमिति सदस्यगण, युवा संघ पदाधिकारी, महत्तम महोत्सव टीम तथा अन्य सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में गंगाशहर–भीनासर, नागौर, कुचेरा, नोखा में प्रवास किया गया।

जैन जवाहर विद्यापीठ भीनासर में महत्तम सोमनस कार्यक्रम में प्रेरणास्पद उद्बोधन दिया गया। आगामी 7–8–9 फरवरी के महत्तम महोत्सव की तैयारियों पर बैठक नोखा में आयोजित की गई। आगामी स्वर्णिम महोत्सव में 15000+ श्रावक–श्राविकाएँ उपस्थिति पर चर्चा। प्रवास के दौरान मुख्य उपलब्धियाँः संयमी महापुरुषों का मार्गदर्शन व सान्निध्य, शिखर महोत्सव की समर्पित रणनीति, प्रवृत्तियों की सशक्त प्रभावना, संघ–आबद्धता पर बल आदि रही।

**4.9 – मध्य प्रदेश अंचल प्रवास** – 23 व 24 मार्च को दो दिवसीय प्रवास इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत जी चेलावत, मंत्री कमल जी पिरोदिया, धर्मपाल प्रवृत्ति संयोजक चन्द्रशेखर जी जैन, स्थानीय संघ अध्यक्ष–मंत्री, आस–पास के अनेक संघों के पदाधिकारियों एवं गणमान्यजनों की गरिमामय उपस्थिति रही। नागदा, गुराडिया, जावरा, नगरी, दलोदा, मंदसौर, सुवासरा, सीतामऊ में प्रवास हुआ। गुराडिया में धर्मपाल स्थापना दिवस रैली का आयोजन एवं गुराडिया व नगरी में समता भवन निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ की गई। बडावदा व सुवासरा संघ गठन, पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ एवं संघ आबद्धता हुई। इदं न मम सदस्य, विहार सेवा सदस्यता 1, संघ आबद्धता, समता भवन सहयोग, दानपेटी वितरण, सीतामऊ व मंदसौर में स्थानीय मीटिंग, समता भवन स्थल निरीक्षण किया गया, अभिमोक्षम शिविर हेतु प्रभावना की गई। समता शाखा से सभी को जोड़ने का आह्वान किया गया।

**4.10 – अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी** – श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के अंतर्गत आगम–अहिंसा–समता–प्राकृत संस्थान द्वारा दिनांक 4 अप्रैल 2025 से चतुर्दिवसीय ब्यावर, उदयरामसर, बीकानेर में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसका विषय वेदाङ्ग ज्योतिषानुसार काल निर्णय पद्धति पर पुनविचारः जैनागम, कोटिल्य अर्थशास्त्र इत्यादि ग्रंथों के परिप्रेक्ष्य। इसके मुख्य अतिथि के रूप में विद्वद्वर्य श्री आमोदवर्धन जी कौण्डिन्नायन, काठमांडू, नेपाल को आमंत्रित किया गया। संगोष्ठी संयोजक गौतम जी रांका, जिनेन्द्र जी जैन की उपस्थिति रही। महामंत्री द्वारा कार्यक्रमों के बाद मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया।

**4.11 – विश्व नवकार महामंत्र दिवस** – राष्ट्रीय महामंत्री ने बताया की 9 अप्रैल को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में जीतो एवं प्रत्येक जैन के सामूहिक प्रयासों से 108 देशों में एक साथ नवकार मंत्र जाप (08:01 से 09:36 बजे) का कार्यक्रम

हुआ। विज्ञान भवन में चारों संप्रदायों एवं 150 से अधिक साधुमार्गी जैन संघ के सदस्यों सहित हजारों श्रावक–श्राविकाओं की उपस्थिति हर्षान्वित करने वाली थी। विश्व नवकार महामंत्र दिवस के स्वर्णिम अवसर पर देश के गौरवशाली प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र दामोदरदास जी मोदी ने नवकार मंत्र की उत्कृष्ट व्याख्या प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता पृथ्वीराज जी कोठारी (JITO के चेयरमैन) द्वारा विश्व नवकार महामंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। श्रीमती अलका जी डागा और टीम ने बहुत ही सुन्दर सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप करवाया।

**4.12 – बीकानेर-मारवाड़ अंचल प्रवास** – दिनांक 10 व 11 अप्रैल को दो दिवसीय प्रवास किया गया। गंगाशहर–भीनासर, उदयरामसर व बीकानेर क्षेत्रों में प्रवास रहा। प्रवास का मुख्य उद्देश्य अभिमोक्षम शिविर हेतु प्रभावना एवं संघ प्रवृत्तियों का प्रचार रहा। प्रवास के दौरान स्थानीय संघों से संवाद के तहत अध्यक्ष, मंत्री व सदस्यों से अभिमोक्षम् पर सभी से संपर्क व चर्चा की गई। आचार्य भगवन्, उपाध्याय प्रवर एवं विराजित साधु–साध्वियों के दर्शन, वंदन, प्रवचन का लाभ प्राप्त हुआ।

**4.13 – दिल्ली-पंजाब-हरियाणा-उत्तरी अंचल प्रवास** – दिनांक 12 व 13 अप्रैल को दो दिवसीय प्रवास किया गया। चार नवीन संपर्कित क्षेत्रों की घोषणा (अमीनगर सराय, बड़ौत, कांधला, मुज्जफरनगर) हुई, जहाँ समता संस्कार पाठशालाओं व अभिमोक्षम शिविर हेतु प्रेरणा की गई। मेरठ को प्रतिनिधि क्षेत्र घोषित किया गया, लालचंद जी बाघमार को प्रतिनिधि पद पर नियुक्त किया गया। प्रवास के दौरान 13 अप्रैल को दिल्ली में दीक्षार्थी अभिनंदन किया गया। साथ ही संघ प्रवृत्तियों की जानकारी व शिविर हेतु प्रेरणा की गई। दिल्ली संघ अध्यक्ष, मंत्री व सदस्यों का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ।

**4.14 – अभिमोक्षम् शिविर** – महामंत्री ने बताया कि अभिमोक्षम् शिविर दिनांक 18 मई से 3 जून 2025 तक बीकानेर (राज.) में आयोजित होने जा रहा है। यह पूर्णतः आवासीय कैंप होगा, जिसमें 10 वर्ष से अधिक व 30 वर्ष तक के अविवाहित बालक–बालिकाओं शामिल हो सकती है।

**क्रम संख्या – 5 – आंचलिक प्रतिवेदन** – प्रगति प्रतिवेदन के पश्चात् राष्ट्रीय महामंत्री ने आंचलिक प्रतिवेदन का प्रस्तुतिकरण किया ।

**5.1 – मध्य प्रदेश अंचल**– राष्ट्रीय मंत्री कमल जी पिरोदिया द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महामंत्री ने सदन को बताया कि 12 जनवरी 2025 को महत्तम सोमनस एवं आंचलिक सम्मेलन इंदौर में संपन्न हुआ, जिसमे अंचल के 30 संघ उपस्थित रहे। अंचल के कई श्रावक–श्राविका इस सम्मेलन में उपस्थित हुए महत्तम सोमनस एवं आंचलिक सम्मेलन का आयोजन श्री साधुमार्गी जैन समता संघ इंदौर द्वारा बहुत ही उत्साह एवं सुंदर ढंग से किया। महेंद्र जी मुकीम ने

आचार्य भगवन् का बहुत ही सुंदर तरीके से गुणोत्कीर्तन किया। दिनांक 7, 8, 9 फरवरी 2025 को भी अंचल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों के प्रयासों से नोखा में अंचल से बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। साथ ही नोखा में अंचल से एक गुप्त दीक्षा भी हुई। महत्तम नंदन के कार्यक्रम भी अंचल में कई जगहों पर आयोजित किए गए। इस महत्तम शिखर वर्ष में हमारी एक और उपलब्धि यह रही की मंदसौर साधुमार्गी जैन संघ के प्रतिष्ठित, धर्म निष्ठ सुश्रावक चित्रेश जी मेहता ने संघ की शिखर सदस्यता ग्रहण करने की घोषणा की, आपको बहुत–बहुत साधुवाद।

अभिरामम् की ओपन बुक परीक्षा में अंजली मांडोत, रतलाम ने पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर एवं अंचल का नाम रोशन किया। हमारे संघ के गौरवशाली राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री की उपस्थिति में दो दिवसीय प्रवास (23–24 मार्च 2025) रखा गया जिसमें गुराडीया, नागदा, बडावदा, जावरा, नगरी, सीतामऊ, सुवासरा एवं मंदसौर में पधारना हुआ। गुराडीया एवं नगरी में समता भवन का राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय के कर कमलों से भूमि वंदन कार्याक्रम शुरू किया गया। दोनों समता भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। सुवासरा में पहली बार केंद्रीय पदाधिकारी पहुचे, वहाँ संघ की तीनों इकाइयो का गठन किया गया, प्रवास के दौरान 12 सदस्य इदं न मम के बनाए गए, एक सदस्य विहार सेवा संयोजन के बने। नगरी समता भवन के 31 सदस्यों ने 17 लाख से अधिक की राशि देने की घोषणा की। समता भवन निर्माण में एक सदस्य ने अर्थ सहयोग दुगना किया, तीन संघों की आबद्धत्ता हुई, अभिमोक्षम शिविर 2.0 के लिए भी पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों द्वारा पुरजोर प्रभावना की जा रही है। दान पेटी के लिए भी संघ ने पूरा पुरुषार्थ करते हुए सभी स्थानीय संघों एवं प्रतिनिधि संघों में लगी हुई दान पेटी को खुलवाकर राशि केंद्रीय संघ को भेजी। अक्षय तृतीया पर रतलाम शहर में पूरे अंचल के वर्षीतप के पारने का आयोजन भी करने जा रहे हैं जिसमें 62 तपस्वियों के पधारने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। **( संलग्न परिशिष्ट–3 )**

**5.2 – जयपुर–ब्यावर अंचल**– श्रेणिक जी नाहर द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महामंत्री ने सदन को बताया की मुमुक्षु सुश्री हर्षाली जी कोठारी की दीक्षा 3 दिसंबर 2024 का प्रसंग ब्यावर संघ को महत्ती कृपा से मिला। दीक्षा बहुत धूमधाम से संपन्न हुई। इसी दिन परम पूज्य आचार्य श्री जी ने सभी आगारों के साथ दीक्षा व महत्तम महोत्सव नोखा में करने की घोषणा की। महत्तम महोत्सव के अंतर्गत महत्तम अभिरामम रत्न की प्रतियोगिता अंचल लेवल की ब्यावर में कराई गई। महतम नंदन के तहत आचार्य श्री के 50वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष में लिफ्टिंग फिफ्टीज के तहत साधना के शिखर पुरुष आराध्य देव के उत्कृष्ट गुणोतकीर्तन करने हेतु मोटिवेशनल स्पीकर पधारे। फागुनी चातुर्मास एवं आचार्य श्री जी का

युवाचार्य दिवस एवं उपाध्याय प्रवर का पदारोहण दिवस बहुत ही त्याग और तपस्या के साथ मनाया गया। महिला मंडल का शिविर 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक श्री नीरज मुनि जी म. सा. के नेश्राय में लगा। इस शिविर में लगभग 100 महिलाओं ने भाग लिया। विश्व नवकार महामंत्र दिवस 9 अप्रैल को जीतो के अंतर्गत श्री जवाहर भवन में मनाया गया। इस अवसर पर सकल संघ समाज के लगभग 3000 सदस्यों ने नवकार महामंत्र का जाप किया। महावीर जन्म कल्याणक बहुत ही त्याग तपस्या से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में अनेक तपस्या ब्यावर में हुई। आचार्य भगवन् 1008 श्री रामलाल जी म.सा. के जन्म दिवस के पावन अवसर पर सामूहिक 36 नवकार मंत्र का जाप एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम हुए। आरोग्यम शिविर 19 अप्रैल को आयोजित हुआ। समता युवा संघ द्वारा एक राष्ट्र, एक संघ, एक कार्य, एक स्वरूप के अंतर्गत दिनांक 13 अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 तक चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श शिविर आरोग्यम का आयोजन संपूर्ण राष्ट्र में किया गया। 29 अप्रैल 2025 को श्री साधुमार्गी जैन संस्थान जयपुर द्वारा अमर जैन हॉस्पिटल, जयपुर में आरोग्यम शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 291 सदस्यों ने मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। कुल 181 जाँच की गई 146 निशुल्क और 35 से 50 प्रतिशत छूट के साथ किया गया। जयपुर श्री संघ में वहां के अध्यक्ष/मंत्री तथा अन्य सदस्यगणों ने तथा हमारे राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य विनय जी चोपडा और वेदजी आदि के प्रयासों से जयपुर के उपनगर में राधा निकुंज मानसरोवर में समता भवन के लिए भूखंड की रजिस्ट्री स्थानीय संघ एवं केंद्रीय संघ के सहयोग से करवा ली गई है, इस पर शीघ्र ही निर्माण का कार्य आरंभ किया जा सकेगा।

**क्रम संख्या - 6 - प्रवृत्तिवार प्रस्तुतिकरण** - राष्ट्रीय महामंत्री ने प्रवृत्ति संयोजकों द्वारा प्राप्त प्रवृत्तिवार प्रस्तुतिकरण किया।

**6.1 - धर्मपाल बौद्धिक विकास समिति**- राष्ट्रीय संयोजक चन्द्रशेखर जी जैन द्वारा भेजा गया प्रवृत्ति विकास व उत्साहवर्धक कार्यों का विवरण सदन के सम्मुख रखते हुए आपने बताया कि आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. के स्वर्णिम दीक्षा दिवस एवं महत्तम महोत्सव पर धर्मपाल संस्कार एवं बौद्धिक विकास समिति के सभी धर्मपाल क्षेत्रों में 50 दिनों में नियमित रूप से लगभग 82 गांवों में व्यसन मुक्ति रैली का आयोजन किया गया, जिसमें नाश्ता प्रभावना आदि संघ के माध्यम से किया गया, इसकी शुरूआत गुराडिया गाँव से हुई। इसमें बोरखेड़ा पित्रामल से संयोजक मंडल सदस्य भी उपस्थित थे। सभी क्षेत्रों में त्याग, तपस्या, नवकार मंत्र कर जाप ज्ञान–ध्यान भी किया गुरु के गुणों की महत्ता भी बताई गई। सभी गांवों के बच्चे, बुजुर्ग, महिला एवं पुरुषों ने बढ–चढ़ कर लाभ लिया। इतिहास में पहली बार धर्मपाल के राष्ट्रीय संयोजक के सान्निध्य में धर्मपाल संस्कार एवं

बौद्धिक विकास समिति की नोखा संघ में प्रदर्शनी एवं गतिविधि स्टॉल के माध्यम से लगाने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इसमें भारत के कोने कोने से पधारे महानुभावों ने अपने विचार व्यक्त किए, उन्होंने भूरि–भूरि प्रशंसा की। शासन दीपिका साध्वी श्री प्रज्ञा श्री म. सा. आदि ठाणा 04 का रतलाम से नागदा होते हुए उज्जैन की तरफ विहार चल रहा था। महासतियाँ जी का धर्मपाल पाठशाला गाँव बुरानाबाद, गुराड़िया, दल्लाहेड़ा, रूपाखेड़ी आदि में विचरण हुआ। गोचरी–पानी आदि का धर्मपाल भाई–बहनों ने लाभ लिया। समता भवन एवं मांगलिक परिसर हेतु ग्राम–गुराड़िया, पित्रामल (नागदा जंक्शन) नानेश भवन में सोलंकी परिवार द्वारा दान दी गयी भूमि पर कार्य का शुभारंभ किया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री मध्य प्रदेश संघ के उपाध्यक्ष श्री अजीत जी चेलावत, मंत्री कमल जी पिरोदिया, मांगीलाल जी परमार, अभय जी चोपड़ा, संचालक मंडल सुदेश जी खारीवाल, राजेश जी–अनिल जी कांठेड़, दिलीप जी कांठेड़, दिलीप जी व्होरा, किशोर जी राठौर, विजय जी संघवी, दिनेश जी व्होरा, संजय जी पावेचा, चंदनमल जी संघवी उपस्थित थे। भूमि दानदाता सागरमल जी, चोखालाल जी सोलंकी का पूरा परिवार उपस्थित था। धर्मपाल शिक्षकों की सेवा सराहनीय रही। इसके अलावा धर्मपाल क्षेत्रों में जैन संस्कार पाठ्यक्रम की परीक्षा करवाई गई जिसमें 175 बच्चों ने भाग लिया। सभी को प्रमाण पत्र व मोमेंटो प्रदान किए गए।

**6.2 – समता संस्कार पाठशाला**– पाठशाला संयोजन मण्डल सदस्य श्री नयन जी रांका ने सदन को बताया कि बच्चो के ज्ञान के आवरण को हटाने व संस्कारवार बनाने हेतु समता संस्कार पाठशाला संचालित की जाती है। WISING WISDOM के माध्यम से आपने बताया कि हमारे संघ में अभी भी हजारों परिवार है जिनके बच्चों को पाठशाला से नहीं जोड़ा गया है। कुल संघ के हिसाब से हमारे बहुत से क्षेत्रों में अभी पाठशाला नहीं है उस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। हमें यह लक्ष्य लेना होगा कि पाठशालाओं में सकल जैन समाज के 30 हजार से अधिक बच्चों को जोड़ा जाए, इसी तरह पाठशालाओं व टीचर की संख्या भी बढ़ानी होगी। पाठशालाओं के विकास के लिए पुरस्कार वितरण, अच्छे अध्यापक, उपस्थिति, पाठशालाओं का निरीक्षण, अध्यापकों को प्रशिक्षित करना, पाठ्यक्रम में सुधार जैसे कार्य करने हेतु आप सभी के सहयोग की आवश्यकता रहेगी। हमारा लक्ष्य बड़ा है। उसे प्राप्त करने के लिए हमें समय–समय पर अपनी पाठशालाओ का निरीक्षण करना होगा, समस्याओं के समाधान खोजने होंगे, नई पाठशालाओं को प्रारंभ करने में रूचि दिखानी होगी।

**6.3 – समता संस्कार शिविर ( अभिमोक्षम् )**– संयोजक अतुल जी पगारिया द्वारा सदन को अभिमोक्षम् की जानकारी देते हुए बताया। कि पूर्व में अभिमोक्षम् चितौडगढ़ में लगाया गया था। आचार्य श्री की कृपा पुनः अभिमोक्षम् 2.0 की घोषणा

हुई, इस बार बीकानेर संघ को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। आपने बताया की सभी के पुरूषार्थ से 2000 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो गए है। आपने बताया कि कुछ अंचलों में और प्रभावना की आवश्यकता है। आपके पुरुषार्थ से बच्चो को गुरुदेव के दर्शन, वंदन, ज्ञान सीखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। बीकानेर संघ की तरफ से सदन को आमंत्रित करते हुए कहा कि आप अपना अमूल्य समय व अनुभव देकर शिविर को सफल बनाने हेतु सहयोग प्रदान करे। इसके अलावा नियमों में परिवर्तन की जानकारी सदन को प्रदान की।

**6.4 – साधुमार्गी पब्लिकेशन**– संयोजक सुनील जी बम्ब ने सदन को बताया की वर्तमान में साधुमार्गी पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित प्रवचन एवं चिंतन की पुस्तकों के लिए साहित्य सदस्यता 3000 रुपये में 15 वर्षों के लिए है। आगम एवं तत्त्व प्रकाशन समिति तथा आगम अंहिसा समता एवं प्राकृत संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के लिए नवीन सदस्यता प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा जा रहा है।

| **सदस्यता स्वरूप** | **सदस्यता शुल्क ( 15 वर्ष )** |
|---|---|
| **1. वर्तमान सदस्यता केवल साहित्य ( प्रवचन व चिंतन पुस्तकों ) हेतु** | **3000** |
| **2. नवीन आगम तत्त्व सदस्यता केवल आगम प्रकाशन हेतु** | **5000** |
| **3. नवीन सदस्यता दोनों की अर्थात् साहित्य सदस्यता व आगम तत्त्व सदस्यता ग्रहण करने पर** | **7000** |

सदस्यता ग्रहण करने वालो को वेलकम किट में संयोजक द्वारा सुनिश्चित पुस्तके प्रदान की जाएगी। सदस्यता ग्रहण करने वालो को आगे प्रकाशित पुस्तके उनके स्थान पर भेजी जाएगी। साथ ही आपने बताया कि जल्द ही **सम्यक्त्व के 66 बोल** पुस्तक का विमोचन होने की संभावना है। अर्थ सहयोग हेतु आप सभी आमंत्रित है।

द्वितीय सत्र में साहित्य संयोजक ने प्राप्त सुझावो के आधार पर 5 वर्ष की जगह 15 वर्ष की सदस्यता व सदस्यता शुल्क पर सदन की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया।

**क्रम संख्या – 7 – परिचालन बजट**– 2025–26 का परिचालन बजट प्रस्तुत करने हेतु महामंत्री ने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को आमंत्रित किया।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश जी बच्छावत ने सर्वप्रथम इदं न मम प्रवृत्ति की जानकारी सदन को देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष अपनी आय का कुछ हिस्सा संघ सेवा में देने की प्रवृत्ति ही इदं न मम है। हमें अपने क्षेत्र के हर परिवार से यह पूछना होगा की क्या आप इदं न मम के सदस्य बन चुके हैं? अगर नहीं तो दृढ़ संकल्प के साथ आज ही सदस्य बनकर संघ को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाते हुए इस प्रवृत्ति में भागीदार बनें। इदं न मम में 2024–25 में दान राशि में कमी हुई है। साधुमार्गी परिवारों के आधार पर अंचलवार सूची बताते हुए उन्होंने बताया कि हर अंचल से 2 प्रतिशत से भी कम लोग इदं न मम से जुड़े हुए हैं। आचार्य भगवन्

